आईआईएम राँची में दिखा जोश व उमंग

आईआईएम रांची में 3 दिवसीय एनुअल फेस्ट शुरू, छात्रों का जोश-जुनून हाई

कुल्लू के पंच व नीरजोमेटिक की बीट्स: RUSH 11.0 का धमाकेदार आगाज़

सिटी रिपोर्टर • रांची

आईआईएम रांची में 'RUSH-11.0' की शुरुआत किसी धमाके से कम नहीं थी। जहां मैदान पर स्पोर्ट्स का जुनून था, वहीं शाम होते-होते कैंपस की फिजा पूरी तरह बदल गई। माहौल तब चरम पर पहुंचा जब कुल्लू (आदित्य कुलश्रेष्ठ) ने अपने हंसी अंदाज और क्लियर कॉमिक टाइमिंग से पूरे ऑडिटोरियम को ठहाकों से गूंजने पर मजबूर कर दिया। हंसी का यह सिलसिला अभी थमा भी नहीं था कि नीरजोमेटिक (नीरज मुंजा) ने अपनी जादुई धुनों से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। हंसी के ठहाकों से लेकर थिरकते कदमों तक, पहले दिन ने वह खाका सेट कर दी है, जिसका सबको इंतजार था।

बॉक्स क्रिकेट में एनआईटी और आईआईएम के बीच मुकाबला

कैंपस में स्टूडेंट्स की अलग ही लेवल की एनर्जी देखने को मिली। जोश, जुनून और जीत की भूख-यही था साल के सबसे बड़े फेस्ट के पहले दिन का मिजाज। मैदान पर खूब घमासान मचा। स्पोर्ट्स मैडनेस में सुबह की शुरुआत हुई उन मुकाबलों से, जिन्होंने पसीने और शोर के बीच जीत की नई इबारत लिखी। बॉक्स क्रिकेट में एनआईटी जमशेदपुर और आईआईएम रांची के हर शॉट के साथ धड़कनें तेज थीं। बास्केटबॉल, फुटसाल व वॉलीबॉल वाइब्स में गोस्सनर कॉलेज, डीरेडा, एमिटी और आईआईएम के बीच टक्कर हुई।

कैंपस बना रणक्षेत्र... माईइंस गेम्स में टेबल टेनिस और शतरंज की बिसात पर फोकस और स्ट्रेटेजी का टैलेंट दिखा। सुबह 10 बजे से शाम तक कैंपस कॉलेज नहीं कुरुक्षेत्र बना हुआ था, जहां हर एथलीट अपना बेस्ट देने उतरा था।

धुन और रॉक-एंड-रोल..

सूरज ढला, तो माहौल कूल हो गया। कुल्लू का जादू खूब चला। मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुल्लू ने कॉमिक टाइमिंग से सबको हंसते-हंसते लोटपोट कर दिया। उनके कॉमेडी पंच कमाल के थे। फिर म्यूजिकल रश में नीरजोमेटिक ने धुनों से समां बांधा, जिससे क्राउड पूरी तरह झूम उठा। पहले दिन का शानदार अंत किया हाईनोट आईआईएम रांची बैंड ने। उनकी इलेक्ट्रिक परफॉरमेंस ने रात को यादगार बना दिया और क्राउड अप कर दिया।

Dainik Bhaskar_08.02.2026_P.08

आइआइएम में दिखा जोश व उमंग

जागरण संवाददाता, रांची: आइआइएम पुंदाग में रविवार को रश 11.0 "रेंडरिंग द फ्यूचर" के उद्घाटन सत्र का आयोजन हुआ, जिसे प्रतिस्पर्द्धा, रचनात्मकता और समुदाय का जीवंत उत्सव माना गया। इस आयोजन ने संस्थान के वार्षिक उत्सव की शुरुआत की। पहले दिन खेल आयोजनों की एक एक्शन से भरपूर श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संस्थानों की टीमें शामिल हुईं। सुबह की शुरुआत उच्च ऊर्जा वाले मैचों से हुई, जिसमें एनआइटी जमशेदपुर और आइआइएम रांची के बीच बास्केटबाल और तेज गति वाले फुटसल मुकाबले शामिल थे। वालीबाल कोर्ट पर गोस्सनर कालेज, एमिटी यूनिवर्सिटी रांची और आइआइएम रांची की टीमों के बीच जोरदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। टेबल टेनिस और शतरंज प्रतियोगिताओं ने प्रतिस्पर्द्धात्मक भावना को और बढ़ाया, जिसमें छात्रों ने पूरे दिन फोकस, रणनीति और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। परिसर उत्साह से भरा रहा, क्योंकि मैदान पर अंतर-कालेज प्रतिद्वंद्विताएं चल रही थीं। रात के कार्यक्रम में हास्य अभिनेता आदित्य कुलश्रेष्ठ ने दर्शकों को हंसाया, जबकि नीराजोमैटिक के संगीतमय प्रदर्शन ने माहौल को जीवंत बना दिया। पहले दिन का समापन आइआइएम रांची बैंड के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने भीड़ को उत्साहित किया। रश 11.0 ने प्रतिस्पर्द्धा के रोमांच को सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के आनंद के साथ मिलाकर उत्सव का माहौल तैयार किया।

खेल प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाते प्रतिभागी • स्रोत स्वयं

Dainik Jagran_09.02.2026_P. IV

रश 11.0 में कुल्लू की कॉमेडी

आइआइएम

रांची. आइआइएम रांची में वार्षिक उत्सव रश 11.0- रेंडरिंग द फ्यूचर के पहले दिन शुक्रवार को दिनभर चले खेल आयोजनों और शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने परिसर को जीवंत बना दिया. पूरे दिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ. शाम ढलते ही उत्सव का केंद्र खेल मैदान से मंच पर आ गया, जहां प्रसिद्ध हास्य कलाकार आदित्य कुलश्रेष्ठ उर्फ 'कुल्लू' ने चुटिले अंदाज और बेबाक कॉमेडी से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया. इसके बाद नीरजोमेटिक के ऊर्जावान संगीत और आइआइएम रांची बैंड हाई नोट के धमाकेदार प्रदर्शन ने रात को यादगार बना दिया.

Prabhat Khabar_08.02.2026_P.11